शिक्षा का अधिकार

सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

FIRST TERMINAL EVALUATION-2015-16
HINDI

809

HN 8101 SET -A
STD : VIII Score : 40
Time : 1. 30 Hrs.

सामान्य निर्देश :- * निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर लिखें ।
*15 मिनट कूल ऑफ टाइम दिया जाएगा । यह प्रश्न-पत्र का वाचन करने तथा उत्तर लिखने की पूर्व तैयारी के लिए है ।
* 7 से 10 तक और 21 से 22 तक के प्रश्नों में विकल्प हैं ।

तालिका की पूर्ति करके लिखें । (2)

1.

पाठ	प्रोक्ति	रचयिता
ज्ञानमार्ग	....	डॉ.असगर वजाहत
....	कविता	सुमित्रानंदन पंत

कोष्टक से घटना चुनकर सही क्रम से लिखें । (2)

2. * तीन राजकुमार पढाई पूरा करके आश्रम से निकले ।
* ....।
* हड्डियों से शेर निकलकर दूसरों का हमला करने लगा ।
* ....।

(गुरू ने शिष्यों को शेर से बचाया । , राजकुमारों में झगडा हुआ कि कौन बडा ज्ञानी है ।)

3.निम्नलिखित चरित्रगत विशेषताओं में से शाहंशाह अकबर की विशेषताएँ चुनकर लिखें । (2)

* अपना ज्ञान बढाना चाहनेवाला ।
* अपने ज्ञान में गर्व करनेवाला।
* ज्ञानियों का सम्मान करनेवाला।

सूचना :- प्रश्न 4 से 6 तक के उचित उत्तर कोष्ठक से चुनकर लिखें ।

4.' शख्स ' शब्द का मतलब है........ (1)

(शाहंशाह , व्यक्ति , विद्वान)

5.गुरुजी ने शेर को ....बना दिया । (1)

(गाय , बिल्ली , बकरी)

6..............बाहरी दिखावा नहीं है । (1)

(ज्ञान ,धन , कपडा)

सूचना :- 7 से 10 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लिखें ।

(2X3=6)

7. ' हमेशा ही सीखता हुँ ' -इसका क्या मतलब है ?
8. पगडी में कौन-सा पोल छिपा था ?
9. हर राजकुमार अपने को बडा ज्ञानी मानता है । असल में बडा ज्ञानी कौन है ?
10. गुरुजी हम लोग संकट में पड गये हैं ।राजकुमार क्यों संकट में पडे ?

सूचना :- निम्नलिखित आशय पढकर उससे संबन्ध रखनेवाली पंक्तियाँ चुनकर लिखें । (2)

11. *सुख-दुख के खेल के बीच जीवन अपना मुख खोल देता है ।*

क).फिर घन में ओझल हो शशि
फिर शशि से ओझल हो घन ।

ख) सुख-दुख की खेल मिचौनी
खोले जीवन अपना मुख ।

ग) सुख-दुख की निशा-दिवा में
सोता-जागता जग -जीवन ।

सूचना:-गोले से पेशेवर चुनकर उचित जोडा बनाएँ । (4)

12.

पेशा	पेशेवर
कपडा धोनेवाला	
दूकान चलानेवाला	
चित्र खींचनेवाला	
खेती का काम करनेवाला	

चित्रकार
किसान
दूकानदार
धोबी

सूचना :निम्नलिखित वाक्यों का संशोधन करके पुनर्लेखन करें । (2)

13. अ) मैं हर चीज को सीखना चाहता <u>है</u> ।

आ) दरबार तरह-तरह के लोगों से <u>बरा</u> हुआ था ।

सूचना:- वाक्य को क्रमानुसार लिखें । (2)

14.भलाई केलिए / ज्ञान तो / ही होता है / सबकी ।

सूचना :-कवितांश पढकर नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

पढ-लिख जब बनो महान
एक बात का रखना ध्यान
माता-पिता गुरू को न भूलना
दुर्बल को कभी नहीं सताना
सद् व्यवहार सदा अपनाना
पढ-लिखकर जब बनो महान ।

(सताना =ഉപദ്രവിക്കുക, सद् व्यवहार =നല്ല പെരുമാറ്റം)

15.बच्चों को किस प्रकार का व्यवहार करना है ? (1)

(बुरा व्यवहार , दुर्व्यवहार , सद् व्यवहार)

16.इस कविता के लिए उचित शीर्षक लिखें । (1)

17.कविता का आशय लिखें । (3)

सूचना:- गद्यांश पढकर प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

शहंशाह बूढी महिला के शब्दों की सादगी से प्रभावित हुए । वे उनके आगे अदब से झुके और फिर मुडकर बीरबल से कहा , " तुम सच में भाग्यशाली हो जो तुन्हें इतनी समझदार गुरू मिली । "

18.शहंशाह अकबर बूढी महिला के आगे अदब से क्यों झुके ? (1)

क) शाहंशाह को बीरबल ने बूढी महिला के बारे में बता दिया ।

ख) शाहंशाह बूढी महिला के शब्दों की सादगी से प्रभावित हुए ।

ग) शाहंशाह को मालूम था कि बूढी महिला कौन थी ।

19." तुम सच में भाग्यशाली हो जो तुन्हें इतनी समझदार गुरू मिली । "

यह किसने किससे कहा ? (1)

सूचना:-पोस्टर तैयार करें । (4)

20.मान लें आप के स्कूल में ज्ञानमार्ग एकांकी का मंचन होनेवाला है- इसकी सूचना देते हुए एक पोस्टर तैयार करें ।

[* कार्यक्रम की सूचना * स्थान * तारीख * समय * मेहमान]

सूचना:-निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर लिखें । **(1X4=4)**

21.अंत में गुरु ने तीनों राजकुमारों को शेर से बचाया । इस प्रसंग में तीनों राजकुमारों के बीच का वार्तालाप तैयार करें ।

22.' जन्म से मृत्यु तक चलनेवाली प्रक्रिया है ज्ञानार्जन '- इसके संबन्ध में लघु लेख लिखें ।